कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेल- spsrn-up@nic.in

प्रेस-नोट, जनपद भदोही

दिनांक- 30.03.2026

श्री अभिनव त्यागी ,पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान जनपद के रास्ते अवैध गांजा तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जें से टाटा पंच सफेद रंग की कार के अन्दर तीन बोरी में अवैध गाजां 121 किलो 450 ग्राम बरामद किया गया है।

गिरफ्तारी का विवरण-

श्री अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में जनपद के रास्ते मादक पदार्थो की तस्करी के पूर्णतया रोकथाम एवं तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु दिये गए निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 30.03.2026 को श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में मुखबिरी सूचना पर ज्ञानपुर स्टेशन रोड की बगल रेलवे की खाली जमीन से जनपद के रास्ते अवैध गांजा तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 02 अभियुक्तगण समरजीत यादव पुत्र स्व0 दयाराम यादव निवासी महबूबपुर थाना भदोही जनपद भदोही उम्र करीब 25 वर्ष एवं प्रदीप सरोज पुत्र जज्जू सरोज निवासी राईपुर थाना सुरेरी जनपद जौनपुर उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से तीन बोरी में अवैध गाजां 121 किलो 450 ग्राम व 02 अदद एन्ड्रायड मोबाइल एवं एक अदद घटना में प्रयुक्त कार टाटा पंच सफेद रंग बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 126/2026 अन्तर्गत धारा 8/20/25 एनडीपीएस एक्ट व 207 एमवी एक्ट थाना गोपीगज जनपद भदोही का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान मा0 न्यायालय किया गया।

पूछताछ का विवरण-

गिरफ्तार व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि इस कार में गांजा है पुलिस को देखकर पकड़े जाने के डर से एकाएक गाड़ी से उतर कर हम लोग भागना चाहे की हम लोगों को पकड़ लिया गया हम लोग गाड़ी में तीन बोरे में अवैध गाँजा लिए हुए है जो उड़िसा से खरीदकर आ रहे थें । हम लोग उड़िसा से सस्ते दाम में गाँजा खरीद कर मँहगे दाम में बेचकर लाभ कमाते है हम लोग मुनाफा के पैसे से आर्थिक,भौतिक एवं दुनियावी सुख सुविधा प्राप्त करते है एवं ऐशो-आराम की जिन्दगी व्यतीत करते है।

गिरफ्तार अवैध गांजा तस्कर अभियुक्तों के नाम व पता-

1.समरजीत यादव पुत्र स्व0 दयाराम यादव निवासी महबूबपुर थाना भदोही जनपद भदोही उम्र करीब 25 वर्ष।
2.प्रदीप सरोज पुत्र जज्जू सरोज निवासी राईपुर थाना सुरेरी जनपद जौनपुर उम्र करीब 26 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

तीन बोरी में अवैध गाजां 121 किलो 450 ग्राम व 02 अदद एन्ड्रायड मोबाइल एवं एक अदद घटना में प्रयुक्त कार टाटा पंच सफेद रंग बरामद।

पंजीकृत अभियोग:-

मु0अ0सं0 126/2026 अन्तर्गत धारा 8/20/25 एनडीपीएस एक्ट व 207 एमवी एक्ट थाना गोपीगज जनपद भदोही।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

टीम -1 निरीक्षक अपराध अजय विक्रम यादव, उ0नि0 कैलाश सिंह यादव चौकी प्रभारी मंडी व उ0नि0 कुलदीप कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी कस्बा गोपींगज, उ0नि0 उमेश सिंह, का0 अगम कुमार व का0 सुनील वर्मा, चालक हे0का0 रामविलास थाना गोपींगज जनपद भदोही।

टीम-2 स्वाट/सर्विलांस टीम जनपद भदोही- उ0नि0 राजकुमार पाण्डेय प्रभारी स्वाट/सर्विलांस सेल, हे0का0 राधेश्याम कुशवाहा, हे0का0 धीरेन्द्र श्रीवास्तव,हे0का0 बृजेश सूर्यवंशी,हे0का0 नागेन्द्र यादव,का0 गोपाल खरवार,का0 नीरज यादव,का0 राघवेन्द्र कुशवाहा,का0 मन्नू सिंह,का0 सुनील पाल,का0 सुनील कन्नौजिया,का0 हिमांशु सिंह,का0 दीपक यादव समस्त सर्विलांस/स्वाट टीम।